पत्रांक–17/ए3–08/06 - 421(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

सॉवर भारती,
प्रशासी पदाधिकारी

सेवा में,

प्राचार्य एवं अधीक्षक,
पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय

पटना, दिनांक :– 21/3/13

विषयः– चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों के हड्डी रोग विभाग में कार्यरत सीनियर रेजिडेन्ट/कार्यकारी सहायक प्राध्यापक से सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियमित प्रोन्नति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में पूर्व के विभागीय पत्रों के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराते हुए सूचित करना है कि हड्डी रोग विभाग के निम्नांकित चार कार्यकारी सहायक/सीनियर रेजिडेन्ट का सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित प्रोन्नति का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है –

(1) डा0 अजय कुमार मानव – कार्यकारी सहायक प्राध्यापक–वर्ष 1999 से अभी तक।

(2) डा0 रणजीत कुमार सिंह – कार्यकारी सहायक प्राध्यापक– वर्ष 2004 से अभी तक।

(3) डा0 गोविन्द मोहन जी – सीनियर रेजिडेन्ट–वर्ष 2006 से अभी तक।

(4) डा0 शैलेन्द्र कुमार – सीनियर रेजिडेन्ट –वर्ष 2006 से अभी तक।

उपर्युक्त चिकित्सक शिक्षकों की प्रोन्नति हेतु जो ए0सी0आर0 उपलब्ध कराया गया है, वह बैंचमार्क फार्मेट में उपलब्ध नहीं है। अतः अनुरोध है कि सभी के सम्बन्ध में बैंचमार्क फार्मेट में ए0सी0आर0 एक सप्ताह के अन्तर्गत (प्रोन्नति की प्रस्तावित तिथि को) पाँच वर्षों का उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

(सॉवर भारती)
प्रशासी पदाधिकारी

ज्ञापांक– 421(17) पटना, दिनांक– 21/3/13

प्रतिलिपि :– आई0 टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रशासी पदाधिकारी

E/folder Balram sir/ Letter-1